हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 सितंबर 2025
सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 घमासानः ट्रस्ट अध्यक्ष पर रजिस्टर छीनने व...



07 नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट...



## खबर संक्षेप

### आजीविका फ्रेश मेला

**सागर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित आजीविका फ्रेश मेला में श्याम तिवारी द्वारा भ्रमण किया गया, तिवारी द्वारा स्व सहायता समूहों से उत्पाद निर्माण एवं विक्रय पर चर्चा की, उन्होंने समूहो से उत्पाद क्रय किये, समूहो द्वारा लगाए गए फ़ूड स्टाल पर मुनगा पराठे का स्वाद लिया, तिवारी ने स्वेदशी उत्पाद को बढ़वा देने हेतु आम जनता से आहवान किया कि मेला में आकर स्व सहायता समूहों के उत्पाद खरीदे ओर समूहो का उत्साह वर्धन करे।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सागर।** शासन द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर के कार्यालय भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्रीय संचालक डॉ नीना गिडियन, वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ एम.पी.शर्मा, उपसंचालक डॉ सुषीला यादव/डॉ जितेन्द्र सिंह/डॉ सचिन मलैया एवं कार्यालय अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय भवन में संचालित सभी शाखाओं एवं कक्षों में साफ-सफाई का विशेष कार्य किया गया। तथा भविष्य में नियमित रूप से इसे जारी रखे जाने का संकल्प लिया गया।

### बीएमसी में दो दिवसीय श्रवण परीक्षण शिविर

**सागर।** अंतरराष्ट्रीय बधिरता सप्ताह के अंतर्गत बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के नाक कान गला विभाग द्वारा दो दिवसीय निशुल्क शिविर दिनांक 27 सितंबर एवं 28 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि इस सप्ताह में कान से संबंधित 280 मरीजों का उपचार किया गया जिसमें 64 मरीजों का श्रवण परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। लगभग 16 मरीजों को कान की मशीन हेतु चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया । शिविर में नवजात शिशुओं से लेकर वयस्क एवं वृद्ध भी लाभान्वित हुए। शिविर के अंतिम दिवस नाक कान गला विभाग के विशेषज्ञ एवं पोस्ट ग्रेजुएट छात्र छात्राओं द्वारा कान से संबंधित बीमारियों के बचाव, श्रवण जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मरीजों को कान के रोगों से बचाव, उचित रखरखाव एवं अच्छी आदतों के बारे में जागरूक किया गया। इस शिविर में कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ पी.एस. ठाकुर, नाक कान गला विभागाध्यक्ष एवं अन्य चिकित्सक का सहयोग रहा ।

### भगवान बिरसा मुंडा व टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का उठाएं लाभ

**सागर।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) वर्ग के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके तहत भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 1 लाख से 50 लाख रूपए तक का ऋण एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए 50 लाख रूपए तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों के लिए 25 लाख रूपए एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख तक की रोजगारमूलक योजना परियोजनाएं स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। उक्त योजनांतर्गत लाभ सिर्फ मध्यप्रदेश की सीमा के अंदर स्थापित व्यवसायों हेतु ही प्रदान किया जायेगा लाभ लेने हेतु लाभार्थी को मध्यप्रदेश का मुल निवासी होना आवश्यक है इसके अतिरिक्त न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास, उम्र 18 से 45 साल हो।

**क्षत्रिय महासभा ने घोषणा निरस्त करने की मांग की, 5 अक्टूबर के बाद प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी**

# जयसिंह नगर का नाम बदलने की घोषणा पर दांगी क्षत्रिय समाज आक्रोशित, रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में जिले भर से आए क्षत्रिय समाज के लोगों ने खेल परिसर से रैली निकाल कर जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर दो ज्ञापन सौंपे। एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम था जिसमें विगत 25 सितंबर को जैसीनगर की आमसभा में मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत द्वारा मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से कराई गई जैसीनगर का नाम बदलने की घोषणा निरस्त करने की मांग की गई, दूसरे ज्ञापन में सागर में स्वीकृत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना डेढ़ माह के भीतर कराने की मांग की गई।खेल परिसर के प्रांगण में दोपहर से ही क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने जिले की सभी तहसीलों से जुटना आरंभ किया था। रैली के रूप में नारे लगाते हुए सभी ने कलेक्ट्रेट के गेट पर पहुंच कर क्षत्रिय एकता जिंदाबाद, महाराणा प्रताप अमर रहें के नारे लगाए। बड़ी देर की नारेबाजी के बाद सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा ज्ञापन लेने आए जिन्हें क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष ने दोनों ज्ञापन पढ़ कर सुनाए। पहले ज्ञापन में कहा कि मान मुख्य मंत्री द्वारा जयसिंह नगर का नाम बदलने की घोषणा से दांगी क्षत्रिय समाज को गहरा आघात पहुंचा है क्योंकि इस नगर की स्थापना 1679 में गढ़पहरा के दांगी राजपूत शासक जय सिंह देव ने की थी और स्थापना के समय से ही यह नगर उनके नाम पर ही जयसिंह नगर के रूप में जाना जाता है। ज्ञापन में कहा गया कि सागर जिले का एक परिवार दांगी राजपूत क्षत्रिय समाज के इतिहास को मिटाने के षडयंत्र कर रहा है और जिला प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी गुमराह करके अपने इस षड्यंत्र में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। ज्ञापन में एतिहासिक साक्ष्यों का हवाला भी दिया गया जिससे यह स्थापित हुआ कि जयसिंह नगर का नाम उसके संस्थापक दांगी क्षत्रिय शासक के नाम पर ही है।

ज्ञापन में कहा कि कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में ही ऐसे अनेक गांव कस्बे हैं जिनके नाम मुगलिया सल्तनत की गुलामी का प्रतीक हैं जिनके नाम बदलने की बजाए भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े नगरों के नाम बदलने की मानसिकता से काम किया जा रहा है। ज्ञापन में सागर राहतगढ़ मार्ग पर स्थित जौहरिया शेख टोल नाके के नाम का उदाहरण भी दिया गया जिसे बदलने की आवश्यकता है। क्षत्रिय महासभा ने ज्ञापन में अल्टीमेटम दिया है कि 5 अक्तूबर तक मुख्यमंत्री द्वारा जयसिंह नगर कानाम बदले जाने की घोषणा शासन स्तर से निरस्त नहीं की गई तो 5 अक्तूबर से जिले के सभी ब्लाकों पर इसके विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर मांग नहीं मानी गई तो संपूर्ण प्रदेश की दांगी राजपूत क्षत्रिय समाज भोपाल में प्रदर्शन करेगी। उल्लेखनीय है कि जयसिंह नगर का नाम बदले जाने की घोषणा से आक्रोशित दांगी क्षत्रिय समाज ने प्रदेश के अन्य जिलों में भी विरोध में ज्ञापन दिया है।

क्षत्रिय महासभा जिला सागर ने कलेक्टर सागर के नाम दिए एक अन्य ज्ञापन में सागर में स्वीकृत हो चुकी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना में दो साल से हो रहे विलंब को लेकर फिर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि दो वर्ष पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा 1 करोड़ रुपए सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्वीकृत किए थे। यह राशि नगर निगम सागर के कोष में है, टेंडर, स्थल चयन, प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है लेकिन कतिपय लोगों के विघ्न के कारण प्रतिमा स्थापना का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही नगर निगम परिषद की साधारण सभा की बैठक में एकमत से सिटी स्टेडियम का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर करते हुए उनकी प्रतिमा को सिटी स्टेडियम के सामने लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने कलेक्ट्रेट में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रतिमा स्थापना का कार्य डेढ़ माह में पूरा किया जाए।



## नवरात्रि विशेषः गरबाः हर घुमाव में जीवन चक्र, हर कदम में मां शक्ति का स्पंदन

**सागर।** सागर के चकराघाट स्थित श्री मल्ली माता मंदिर में बाज खेड़ावाल गुजराती समाज द्वारा पारंपरिक गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाज जन बड़ी संख्या में इसमें भाग लेकर भक्ति भाव से माँ शक्ति की आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर समाज की डॉ. चंचला बेन दवे ने कहा कि गरबा केवल मनोरंजन नहीं, यह माँ शक्ति से मिलने का एक दिव्य माध्यम है, जहां हर पग, हर घूर्णन भक्ति और जीवन चक्र का एक प्रतीक है। यह हमारी सांस्कृतिक आत्मा का प्रतिबिंब है। बदलते स्वरूप के बीच, गरबा की यह आध्यात्मिक विरासत संरक्षित रखना अब हमारा धर्म है।समाज के वरिष्ठ सदस्य अनिल सेलट ने भी गरबा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “गरबा का स्वरूप केवल मनोरंजन या डांस तक सीमित नहीं है, यह माँ शक्ति की आराधना का एक गहन आध्यात्मिक साधन है। इसमें जीवन चक्र, स्त्री शक्ति और भक्ति की निरंतरता का प्रतीकात्मक संदेश निहित है। वर्तमान में इसके बदलते स्वरूप पर चिंता आवश्यक है ताकि इसकी मूल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा सुरक्षित रहे।”नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित यह गरबा उत्सव समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के संवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।



## अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर युवाओं ने निकाली इंक़लाब ज़िन्दाबाद के नारे के साथ रैली

**रहली।** अमर शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने नगर में एक विशाल रैली का आयोजन किया। युवाओं ने इंक़लाब ज़िन्दाबाद और भगत सिंह अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली निकाली और महान क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि दी।यह रैली छात्रों ने विद्यार्थी परिषद के बैनर तले आयोजित की। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना और भगत सिंह के आदर्शों को याद करना था। रैली में छात्रों का उत्साह देखने लायक था, जो हाथ में तिरंगे लिए और नारों से पूरे नगर को गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर अभि सिंह ठाकुर, हर्ष यादव, कुलदीप, करन, सोनु, अंकित एवं समस्त टीम तथा नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और अमर शहीद को याद किया। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।




## पहचान संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा का सफल आयोजन

**सागर।** पहचान संकुल स्तरीय संगठन, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, विकासखंड सागर द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 28 सितम्बर को पहचान संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम भैंसा के कार्यालय भवन में किया गया। इस अवसर पर 182 दीदियों ने विभिन्न ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों से सम्मिलित होकर सक्रिय भागीदारी निभाई। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीर पंथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण से किया गया। इसके पश्चात सरस्वती पूजन, प्रार्थना एवं भक्ति गीत, प्रस्तुत किए गए। सर्वप्रथम, पहचान साधारण सभा की अध्यक्ष गीता पटेल द्वारा सीएफएल का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी विकासखंड प्रबंधक / सी एल एफ नोडल प्रभारी डॉ वीरेंद्र कोरी ने गतिविधियों की जानकारी दी। सभा में विविध सांस्कृतिक एवं जागरूकता आधारित प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें “एक माँ, बगिया के नाम” पर आधा आधार कार्ड एवं दस्तावेज डिजिटलीकरण विषयक नाटिका, तथा लोकगीतों की प्रस्तुति प्रमुख रही। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। सभा की गरिमा को और बढ़ाने के लिए उपस्थित अतिथि पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीर पंथी ने अपने उद्बोधन में दीदियों की मेहनत, आत्मनिर्भरता और आजीविका मिशन के अंतर्गत किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की सराहना की। कबीरपंथी ने सभी महिलाओं के अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा को लेकर आस्वस्त किया कि आपको आगे बढ़ाने में जो भी अवसर सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे उनको प्राथमिकता से दिलाने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने लखपति दीदियों से भी चर्चा की और लखपति श्रेणी में आने वाली दीदियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अखंड पटेरिया सहायक विकासखंड प्रबंधक राधे तिवारी सहायक विकासखंड प्रबंधक एवं पहचान सीएलएफ की कार्यकारिणी द्वारा सभी ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को साधारण सभा की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य की योजनाओं में सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## दवाओं के उचित दाम की उपलब्धता की जानकारी हेतु योर हेल्थ योर प्राईस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तत्वावधान में द प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा सरकारी जिला अस्पताल सागर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य योर हेल्थ योर प्राईस उपलब्ध कराना है। डॉ. प्रीति तागड़े, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर के द्वारा कार्यक्रम में उपयोग कर्ताओं के लिए सुरक्षित, गुणवत्ता पूर्ण और प्रभाव शील दवाओं की सामर्थ्य और उपलब्धता के बारे में बताया। पीएमआरयू का प्राथमिक कार्य दवाओं की कीमतों की निगरानी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की सहायता करना है। एनपीपीएऔर पीएमआरयू द्वारा की गई सभी गतिविधियों को उल्लेख किया गया एवं फार्मा व्यवसाय में बेईमान तत्वों द्वारा अत्यधिक मूल्य निर्धारण की घटनाओं को उजागर करने के लिए आवश्यक तंत्र और दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। सोनम जैन औषधि निरीक्षक,के द्वारा दवाओं कि सामर्थ्य और उपलब्धता के बारे में जानकारी दी जिससे सभी आमजन लोगो तक यह जानकारी पहुंच पाये और आमजन इसका लाभ ले सकें। इस कार्यक्रम में चर्चा करते हुए डॉ. जयंत रामसिया सिविल सर्जन सरकारी जिला अस्पताल सागर के द्वारा अभार व्यक्त करते हुए फार्मा व्यवसाय में उपभोक्ता संबंधी मुद्दों के बारे में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियानों को तेज करना समय की आवश्यकता है, और इस तरह के कार्यक्रम को भविष्य में सुचारू रूप से करने कि योजना बनाई जाएगी।

## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने मुख्यमंत्री से फसलों का सर्वे कराने किया अनुरोध, सोशल मीडिया पर पोस्ट कर की अपील

**गढाकोटा।** कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण किसान चिंतित है पिछले दिनों हुई बारिश के कारण भारी छति हुई है। अति वृष्टि के कारण रहली विधानसभा क्षेत्र में किसान परेशान है तेज बारिश हवा से कटाई के लिए खेतों में पककर तैयार खड़ी सोयाबीन की फसल में भराव होने से नुकसान हुआ है जिसकी सूचना पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक पंडित गोपाल भार्गव को प्राप्त हुई जिसके बाद उन्होंने बिना देर किए मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा की एवं फसलों का सर्वे कराने का अनुरोध किया ।इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर एवं एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर से श्री भार्गव ने चर्चा की जिसमें राजस्व विभाग ने यह निर्णय लिया कि दो दिन में फसलों की क्षति का सर्वे कार्य प्रारंभ किया जाएगा साथ ही क्राफ्ट कटिंग एक्सपेरिमेंट का कार्य भी प्रारंभ होगा जिसके लिए समस्त किसान भाइयों से श्री भार्गव ने अपील की है कि वह सर्वे एवं क्राफ्ट कटिंग की सूचना मिलने पर अपने-अपने खेतों में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जिससे की समस्त किसानों को फसलों का सर्वे कार्य सही दिशा में हो सके । पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी समस्त किसानों से अपील की है कि वह सर्व एवं क्राफ्ट कटिंग की सूचना मिलने पर खेतों में उपस्थित रहे।



## सीपुरखास के हनुमान मंदिर में अज्ञात लोगों ने पत्थर, ईंटें फेंकी, एसडीएम कार्रवाई की मांग

**मालथौन।** मालथौन थाना के सीपुर खास में रविवार रात अज्ञात लोगों ने प्राचीन हनुमान मंदिर को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ की कोशिश की है। असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर के बाहर पत्थर और ईंटे फेंकी गई है जिससे मंदिर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को थाना प्रभारी और एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उक्त घटना की तत्काल जांच एवं दोषियों को गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे की हालत में कुछ लगातार असामाजिक तत्व मंदिर परिसर में घुसकर मूर्तियों, दीवारों और धार्मिक सामग्रियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पहले भी मंदिर की दानपेटी चोरी हो चुकी है, जिसकी अब तक कोई बरामदगी नहीं हुई है। मंदिर के पास खुलेआम जुआ और अन्य अवैध गतिविधियां भी चल रही हैं, जिससे असामाजिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है। असामाजिक लोगों को रोका टोका जाता है तो वह लड़ाई-झगड़े और हिंसा पर उतर आते हैं। अशोक यादव थाना प्रभारी मालथौन का कहना है कि लोगों ने मंदिर परिसर में नशेड़ियों द्वारा पत्थर फेंकने की शिकायत की हैं। टीम भेजी गई हैं। जो लोग भी होंगे गिरफ्तार किए जाएंगे।

## विधायक शैलेंद्र जैन का कनेरादेव आवासीय योजना का निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित कनेरादेव आवासीय योजना के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कर प्रतीक्षारत हितग्राहियों को आवंटित किया जाए ताकि वे अपने नए घर में समय पर प्रवेश कर सकें। विधायक जैन ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सपना है कि हर गरीब परिवार के सिर पर अपनी छत हो, वह आत्मनिर्भर बने और उसके पास रोजगार की सुविधा हो। सागर विधानसभा क्षेत्र में मेरा प्रयास है कि कोई भी परिवार अब कच्चे या किराए के मकान में न रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ों परिवारों को लाभ मिला है और शेष हितग्राहियों को भी जल्द ही आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। निरीक्षण के समय नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**पुलिस प्रशिक्षण शाला में दुर्गा पूजा पर गरबा रास में जमकर थिरके नव आरक्षक**

# नवरात्रि पर मां की आराधना समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती हैः एसपी लवली सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नवरात्रि के अवसर पर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पीटीएस सागर के प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव प्रशिक्षु आरक्षकों के लिए पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के निर्देशन में दुर्गा पूजा व गरबा रास का आयोजन किया गया। इस दौरान नव प्रशिक्षु आरक्षक तथा कार्यालयीन स्टाफ की महिलाएं व पुरुष मां दुर्गा की आराधना में विभिन्न भक्ति गीतों पर जमकर थिरके।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लवली सोनी ने कहा कि भारतीय त्यौहार हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विभिन्न दूर दराज के अंचलों से यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने आए नव आरक्षकों के लिए ट्रेनिंग के दौरान इस तरह के आयोजन किए जाते है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर मां की आराधना समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती है। इसी शक्ति के साथ हमारे नव आरक्षक पुलिस विभाग के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने में कारगर साबित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शाला में विभिन्न तीज त्योहारों पर धर्म और संस्कृति से संबंधित आयोजन कर प्रशिक्षुओं को संस्कृति से जोड़े रखने का प्रयास किया जाता है।



पुलिस प्रशिक्षण शाला द्वारा आयोजित गरबा रास में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एसपी लवली सोनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के शिक्षाविद डॉ संदीप सबलोक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीटीएस सागर के लाइन ऑफिसर ज्ञानेंद्र शुक्ला, निरीक्षक दीपाली पांडे, निवेदिता सोनी, अफ़रोज़ खान, केशव नारायण, मनीषा सिंह राठौर, क्वाटर मास्टर हिमांशु भिंडया, सीडीआई, प्रनेंद्र तिवारी सब इंस्पेक्टर गिरजा देवी, मीनू पाठक समेत समस्त पीटीएस स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पदाधिकारियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध दिया धरना

# घमासान: ट्रस्ट अध्यक्ष पर रजिस्टर छीनने व सीसीटीवी डिलीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के प्रशिद्ध शिव मंदिर कुंडेश्वर ट्रस्ट के चुनाव होने के बाद से ही मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर व सचिव राजेंद्र मिश्रा रज्जन एबं अन्य पदाधिकारियो के बीच द्वन्द के चलते अखाडा बना हुआ है। जहाँ अक्सर धमासान होने की खबरें सामने आती रहती है। अब पुनः एक मुद्दा सामने आया है जिसमें ट्रस्ट अध्यक्ष पस्तोर व सचिव मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए ट्रस्ट के निर्वाचित पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में धरना देकर प्रशासन के समक्ष शिकायत करने और कानूनी कार्रवाई का भी निर्णय लिया है। पदाधिकारियों का कहना है कि ट्रस्ट संचालन में गम्भीर अनियमितताएँ चल रही हैं, जिनके चलते मंदिर के आवश्यक कार्य ठप्प पड़े हुए हैं और ट्रस्ट की कार्यालयीन प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो रहा है।

### मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर दिया पदाधिकारियों ने धरना

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि प्रबंध कार्यकारिणी की निर्धारित बैठक 28 अक्टूबर को एजेंडा के अनुसार शुरू हुई। उपस्थित पदाधिकारियों ने बैठक में यह मुद्दा उठाया कि विगत 19 महीने से आम सभा की आम बैठक नहीं बुलाई गई, जिसके कारण मंदिरों के अपूर्ण निर्माण कार्य और बजट अनुमोदन लंबित हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि अक्टूबर-नवंबर में तिथि तय कर आम सभा बुलाने के लिए अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर को अधिकृत किया जाए। पदाधिकारियों का आरोप है कि इस दौरान अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर ने सचिव राजेंद्र मिश्रा रज्जन के हाथ से पंजी रजिस्टर छीन लिया और बैठक बंद करवा दी, जिससे बैठक का असंसदीय माहौल उत्पन्न हुआ और पदाधिकारी क्षुब्ध होकर मंदिर के नीचे धरने पर बैठ गए। पदाधिकारियों का आरोप है कि अध्यक्ष अभिषेक द्वारा कई बार कमेटी के सदस्यों का अपमान किया गया और अनुपस्थिति के दौरान भी अनैतिक व्यवहार किए गए। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि पिछले माह 5 अक्टूबर को आम सभा की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को भी उक्त दोनों अधिकृत पदाधिकारियों ने प्रभावित कर रद्द कर दिया। आज की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में यही एजंडा फिर से उठाया गया, परन्तु अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर व सचिव राजेंद्र मिश्रा रज्जन के आचरण के कारण अधिकांश सदस्य असंतुष्ट हुए और धरना प्रारम्भ कर दिया।

**असंसदीय व्यवहार व सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर सबूत मिटाने के आरोप**



ट्रस्ट पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि पिछले 19 माह से ट्रस्ट की आम सभा की बैठक नहीं बुलाई गई। बजट अनुमोदन न होने व अधूरे निर्माण कार्यों के कारण महत्वपूर्ण धार्मिक काम प्रभावित हुए। ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर पर सचिव राजेंद्र मिश्रा रज्जन के हाथ से रजिस्टर छीनकर बैठक बंद कराने व असंसदीय व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज को हटाने का भी आरोप लगाया गया है। कई पदाधिकारी उक्त आरोपों के साक्ष्य होने का दावा कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने उक्त मामले को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने और अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने पर भी विचार करने का निर्णय लिया है।

### धरने शामिल ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य

कुंडेश्वर मंदिर की सीढ़ियों पर ही धरना देने बालो में रम्मू नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण दीक्षित उपाध्यक्ष, संतोष तिवारी कोषाध्यक्ष, पुष्पेंद्र तिवारी ऑडिटर, संजय दीक्षित सहसचिव, कौशल किशोर भट्ट सदस्य अखलेश दीक्षित, उमाशंकर दीक्षित, मुन्ना लाल मिश्रा, बलवंत सिंह यादव, हरिराम यादव, राजेंद्र आदि पदाधिकारियों ने बताया कि सभी ने मिलकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने और अध्यक्ष अभिषेक के विरुद्ध मामला दर्ज कराने का निर्णय लिया है।

### ट्रस्ट नियमों को तिलांजलि देकर की जा रही स्वेच्छाचारिता

धरने में शामिल ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट की कार्यालयीन प्रक्रियाएं ट्रस्ट नियमों का पालन करती हुई नहीं दिख रही है। और ट्रस्ट संचालन में कई बार नियमों को तिलांजलि दी जाती है। साथ ही यह भी आरोप लगायें जा रहे हैं कि निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और स्वेच्छाचारिता का प्रचलन है, जिससे धार्मिक संस्थान की प्रतिष्ठा और कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उक्त संबंध में ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक और सचिव राजेंद्र मिश्रा की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## 600 से अधिक दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

# केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण और ट्राईसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सोमवार को विशाल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और ट्राईसाइकिल वितरित किए। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि एलिम्को की मदद से 600 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण कराकर उन्हें विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इनमें ट्राईसाइकिल, कानों की मशीनें, हाथ और पैर के उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों से संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सहायक उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजन में कलेक्टर विवेक श्रोतीय, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, मुन्ना लाल साहू, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, अरविंद खटीक, विभा श्रीवास्तव, सुशीला राजपूत, रिंकी भदौरा और पूनम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## हमले में दो घायल, झांसी रेफर, दिगौड़ा थाना क्षेत्र की घटना

# पुरानी रंजिश ने लिया खूनी रूप, दो पक्षों के बीच चले फरसे




**टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बैदऊ गांव में सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। तिलक सिंह घोष और श्रीपत घोष के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों ने एक-दूसरे पर फरसे से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों परिवारों के अन्य सदस्य भी आपस में भिड़ गए। उक्त खूनी संघर्ष में श्रीपत घोष के गले पर गंभीर चोट आ गई, वहीं तिलक सिंह घोष का हाथ कट गया। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि घटना पुरानी रंजिश के चलते हुई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल, दोनों परिवारों के सदस्यों को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया गया है। गांव में हुई इस घटना से दहशत का माहौल है, वहीं दिगौड़ा थाना पुलिस उक्त स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## पेयजल कूप, तालाब व गौचर जमीन पर कब्जा करने का आरोप

# ग्राम पगारा जंगल में भूमि पर अतिक्रमण ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले की ग्राम पंचायत जसवंतनगर के अंतर्गत ग्राम पगारा जंगल में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गंभीर विवाद का विषय बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में स्थित सरकारी पेयजल कूप को बाउंड्री बनाकर मकान खड़ा कर लिया गया है। यही नहीं, कूप के पीछे स्थित तालाब पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है और अवैध रूप से मिट्टी डालकर तालाब को भरने की कोशिश की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि हजारों ट्रॉली मिट्टी का अवैध उत्खनन कर तालाब की भूमि को नुकसान पहुंचाया गया है। वहीं, वन विभाग की भूमि , राजस्व भूमि 469 और गौशाला के पीछे की जमीन पर भी अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। गौशाला और अन्य मवेशियों के लिए चरने की जगह अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। हालात यह हैं कि मवेशियों के लिए चरने का रास्ता भी ट्रैक्टर से जोतकर बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह अतिक्रमण बालचंद्र लोधी निवासी मबई (वनयानी) द्वारा किया जा रहा है, जो हाल ही में जेल से बाहर आया है। ग्रामीणों का कहना है कि बालचंद्र पर हत्या (धारा 302) का अपराध दर्ज है और वह अपने 8झ10 साथियों के साथ वहां डेरा डाले बैठा रहता है। अपराधी छवि के कारण कोई भी ग्रामीण उसके खिलाफ आवाज़ उठाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते अतिक्रमण हटाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो गौशाला की गायें और मवेशी भूख से मरने की कगार पर पहुंच जाएंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि अविलंब भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और अपराधियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन के मन से भय समाप्त हो सके।

## शांति, सुरक्षा, उत्साह और सद्भाव से मनाएं पर्व: एसपी मंडलोई

**टीकमगढ़।** नवरात्र के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने कहा है



**नवरात्र पर जिला पुलिस ने की जनता से अपील**

कि पर्व को धूमधाम से मनाते हुए सभी नागरिक अनुशासन और भाईचारे की मिसाल पेश करें। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारियां की हैं। मुख्य बाजारों और मंदिरों में सघन पैदल गश्त के साथ संवेदनशील इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग की जाएगी। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फिक्स ड्यूटी जवान तैनात रहेंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी, जिससे किसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह पर तुरंत कार्रवाई हो सके। जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल कैमरों और ड्रोन से तकनीकी निगरानी की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से खास अपील की है कि धार्मिक जुलूस और कार्यक्रमों के दौरान तेज आवाज वाले डीजे, पटाखों या किसी भी तरह के शोर-शराबे से दूसरों को परेशान न करें। सार्वजनिक स्थलों पर शराब या नशे का सेवन न करें और किसी भी प्रकार के विवाद या हाथापाई से दूर रहें। धार्मिक स्थल और घरों में सौहार्द बनाए रखें और यदि किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर भी पुलिस ने चेतावनी दी है। किसी भी तरह की अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस का मानना है कि नागरिकों की सजगता और प्रशासन की सख्त व्यवस्थाओं के चलते यह पर्व शांति और आनंद के माहौल में संपन्न होगा।

## नगर पालिका परिषद ने उत्सव मनाकर दिया स्वच्छता का जागरूक संदेश

# आकर्षक रंगोली के साथ दीप जलाकर मनाया गया स्वच्छ दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने नवरात्रि के पावन पर्व पर एक अनोखा आयोजन कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर के एक भव्य पंडाल के सामने दीप जलाकर स्वच्छ दीपोत्सव मनाया गया। प्रज्वलित दीपों से आकर्षक रंगोली बनाई गई, जिसमें स्वच्छता और उजाले का संदेश झलकता रहा। इस कार्यक्रम में नगर के लगभग 80 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### स्वच्छता जीवन का हिस्सा

दीपों से सजी रंगोली न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि लोगों को यह प्रेरणा भी दी कि स्वच्छता जीवन का अभिन्न हिस्सा है। आयोजन के दौरान नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों, गलियों और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे और समाज में स्वच्छता के महत्व को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता का भी हिस्सा है। नगर पालिका परिषद ने कार्यक्रम में आए सभी नागरिकों का आभार जताया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कहा कि दीपोत्सव जैसे धार्मिक अवसर समाज को एकजुट करने का काम करते हैं और जब इन्हें स्वच्छता के संदेश से जोड़ा जाता है तो इसका प्रभाव और गहरा होता है। परिषद ने नागरिकों से अपील की कि वे रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भी स्वच्छता को अपनाएं और इसे केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। दीपों की जगमगाहट से सजे पंडाल के सामने जब रंगोली पूर्ण हुई तो वातावरण में भक्ति, उत्साह और जिम्मेदारी की अनोखी झलक दिखी। नवरात्रि की इस पावन बेला पर टीकमगढ़वासियों ने जिस तरह स्वच्छता का संकल्प लिया, उसने पूरे आयोजन को खास बना दिया।

## स्व. अनीस अहमद की तीसरी बरसी पर श्रद्धांजलि सभा



**टीकमगढ़।** जिला चिकित्सालय स्थित आदर्श मानस प्रेरणा समिति परिसर में स्वर्गीय अनीस अहमद बाबूजी की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व टीआई एवं अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष खलील खान ने मरहूम अनीस अहमद बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला। स्व. अनीस अहमद की स्मृति को जीवित रखने के लिए उनके पुत्र फिरोज अहमद और पत्रकार मोहसिन अहमद ने इंडियन इंग्लिश स्कूल की स्थापना की है। यहां अनीस मेमोरियल समिति के माध्यम से बच्चों को किताबें, ड्रेस और बैग निःशुल्क दिए जाते हैं तथा शिक्षा हेतु बेहद कम शुल्क रखा गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार लतीफ अली, डॉ. राहुल गुप्ता जिला क्षय अधिकारी, पत्रकार परशुराम प्रभाकर, महबूब खान, मुस्ताक अहमद, राजेश शर्मा, पंकज द्विवेदी, मोनू खान, वसीम अहमद, अनस अहमद, अनफास अहमद, जसीम अहमद सहित बड़ी संख्या में परिजन व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नॉमिनी न होने का बहाना नहीं चलेगा, विधवा पत्नी और बच्चों को मिलेगा क्लेम

# जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला: 15 लाख व हर्जाना देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिला उपभोक्ता आयोग ने एक अहम फैसले में बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस लिमिटेड को उपभोक्ता के अधिकारों से खिलवाड़ करने का दोषी ठहराते हुए कड़ा दंड सुनाया है। आयोग ने कंपनी को मृतक के परिजनों को 15 लाख बीमा राशि, ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है। साथ ही मानसिक पीड़ा और सेवा में कमी के लिए अलग से हर्जाना और वाद व्यय भी देने होंगे।

### सड़क हादसे में पति की मौत बीमा क्लेम से किया इनकार

निवाड़ी जिले के ग्राम विनवारा निवासी सावित्री देवी के पति अखिलेश कुशवाहा की 4 मार्च 2021 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी मोटरसाइकिल पर ऑनर-ड्राइवर एक्सीडेंटल पर्सनल कवर पीए के तहत 15 लाख का बीमा था। लेकिन बीमा कंपनी ने नॉमिनी नहीं होने का बहाना बनाकर मृतक अखिलेश के परिवार को क्लेम देने से इनकार कर दिया था। तब उक्त मामला लेकर पीड़ित परिवार उपभोक्ता फोरम में पहुंचा।

### उपभोक्ता आयोग में पहुंचा मामला

बीमा कंपनी के रूखे रवैये से परेशान परिवार पहले एमएसीटी निवाड़ी गया, मगर बाद में मुकदमा वापस लेकर उपभोक्ता आयोग का दरवाज़ा खटखटाया। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने क्लेम प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं लिया। प्रीमियम लेकर पॉलिसी में 15 लाख का कवर स्वीकृत था। नॉमिनी न होने के बावजूद विधवा पत्नी और नाबालिग बच्चों को बीमा राशि मिलनी चाहिए थी। विलंब पर्याप्त कारण की श्रेणी में आता है।

### आयोग का फैसला, नॉमिनी का बहाना नहीं चलेगा, सेवा में पाई कमी, देना होगा भुगतान

जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप, सदस्य डॉ. प्रीति सिंह परमार एवं डॉ. संजीव सिंह की पीठ ने कंपनी को सेवा में कमी का दोषी करार देते हुए आदेश दिया कि बीमा कंपनी पीड़ित परिवार को 15 लाख बीमा राशि का भुगतान करे। परिवाद दायर तिथि 16 मई 2025 से अदायगी तक 9% ब्याज जोड़े। 50 हजार मानसिक पीड़ा व सेवा में कमी का हर्जाना दे। 25 हजार वाद व्यय अदा करे। तय समय पर भुगतान न होने पर 5 हजार निष्पादन व्यय भी अलग से देना होगा।

### उपभोक्ताओं के लिए नजीर बना फैसला

यह फैसला उन सभी उपभोक्ताओं के लिए राहत की मिसाल है, जिन्हें बीमा कंपनियां तकनीकी खामियों या नियम-कायदों की आड़ में वर्षों तक उलझाए रखती हैं। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि नॉमिनी का न होना क्लेम रोकने का वैध आधार नहीं है और बीमा कंपनियों को वास्तविक उत्तराधिकारियों को भुगतान करना ही होगा।

### कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

# नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर किसानों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में चल रही मरम्मत का काम जल्द कंपलीट करके उसमें 5 अक्टूबर तक पानी का प्रवाह शुरू किए जाने को लेकर श्योपुर क्षेत्र के किसान और कांग्रेसी सोमवार को नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपते हुए श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि जिले के किसान खाद,पानी और बिजली को लेकर परेशान हो रहे है। ऐसे में भाजपा का शासन और प्रशासन किसानों की परेशानियों को खत्म करने के बजाए उन्हें जेल भेजने का काम कर रहा है। लेकिन अब मै चुप बैठने वाला नहीं हूं। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो मैं शासन और प्रशासन को नानी का दूध याद दिला दूंगा।

सोमवार की सुबह किसान नेता राधेश्याम मीणा कलेक्ट्रेट पहुंच गए और धान की फसल को सूखने से बचाने के लिए चंबल नहर की मरम्मत का काम जल्द पूरा कर उसमें पानी छोडने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गए,इसके बाद यहां किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत मीणा, समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा सहित अन्य कई किसान भी पहुंच गए, जो नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। इसके बाद यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी सहित विधायक बाबू जंडेल, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा सहित अन्य कई कांग्रेसी भी इस धरने में शामिल हो गए। काफी देर तक नारेबाजी करने और धरना देने के बाद कांग्रेसियों ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को दो अलग अलग ज्ञापन सौंपे गए। एक ज्ञापन में चंबल दाहिनी मुख्य नहर में 5 अक्टूबर तक हर हाल में पानी का प्रदाय शुरू किए जाने की मांग की गई। वहीं दूसरा ज्ञापन खाद की समस्या को लेकर दिया गया। जिसमें विजयपुर क्षेत्र में खाद की समस्या को उठाने वाले किसानों को पुलिस प्रशासन के द्वारा शांति भंग के आरोप में जेल भेजने का आरोप लगाते हुए इस कार्रवाई को रोकने की मांग की गई।



**ज्ञापन सौंपकर चले गए विधायक, डटे रहे किसान नेता**

खाद और चंबल नहर में पानी छोडने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने और फिर कलेक्टर से मुलाकात करने के बाद विधायक बाबू जंडेल सहित अन्य कांग्रेसी नेता चले गए। लेकिन किसान नेता राधेश्याम मूंडला, मुकेश हिरनीखेडा सहित अन्य कई किसान व बसपा से जुडे कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में ही धरने पर डटे रहे। किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी हमे यहां बताए कि चंबल नहर में पानी कब छोड़ा जाएगा, तब ही हम धरने से उठेंगे।



**किसान संघ ने ज्ञापन सौंपकर दी चेतावनी, जल्द न सुधरी बिजली समस्या तो करेंगे आंदोलन**

बरगवां क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान संघ की अगुवाई में कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर क्षेत्र में गंभीर बिजली समस्या व्याप्त होने की समस्या को लेकर बैठक की और फिर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय और बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बिजली की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। इस दौरान भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपने के दौरान यह चेतावनी भी दे दी कि बरगवां क्षेत्र में बिजली समस्या जल्द ही सुधारी नहीं गई तो फिर 2 अक्टूबर के बाद आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में किसानों को पानी की सख्त आवश्यकता है, लेकिन इसके बाद भी बरगवां क्षेत्र में 10 घंटे भी किसानों को लाइट मिल पा रही है,जितनी देर बिजली आती है,उस दौरान तार टूटने सहित अन्य कारणों के चलते फिर से बिजली बंद हो जाती है। कई बार बोल्टेज में इतना अधिक उतार और चढाव बना रहता है कि किसानों की मोटरे तक फुंक रही है। पहले भी इस समस्या के बारे में बिजली कंपनी अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अब इसी समस्या को प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है,लेकिन इसके बाद भी बिजली की यह समस्या समाप्त नहीं हुई तो फिर क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर भारतीय किसान संघ आंदोलन शुरू करेगा। इस मौके पर शंकरसिंह सरपंच, दिलीप सिंह, भेरूलाल, चंदन सिंह, सलाम सिंह, ज्ञान सिंह, नर्सिंग जवान सिंह, रंगलाल, सूरज, बिल्ला, सरदारभील, भीमसिंह जाट, गुरप्रीतसिंह ढिल्लों, निर्मलसिंह सहित बडी संख्या में किसान मौजूद थे।

### गौतम धर्मशाला में गरबा महोत्सव आयोजित

# गरबा महोत्सव : सतरंगी रोशनी के बीच संगीत की धुन पर थिरके कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के किला रोड स्थित गौतम ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार की रात शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के महिला मंडल एवं युवती मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल हुईं। संगीत की धून पर गरबा नृत्य को देख दर्शक भी मुग्ध हो गए। आयोजन में महिलाएं रंग-बिरंगे और आकर्षक पारंपरिक परिधानों में तैयार होकर शामिल हुई तो अनूठी सांस्कृतिक छंटा देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन अर्चन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं, बालिकाओं ने मां भगवती के धार्मिक भजनों पर गरबा की शुरुआत की। गरबा मैदान में मौजूद हर कदम उत्साह और जोश से भरा दिखाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कलावती गौतम,विशिष्ट अतिथि के रूप में मणी गौतम, गीता गौतम, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा गौतम, चेतना गौतम, राजेश गौतम उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि यह पर्व शक्ति, भक्ति और आराधना का प्रतीक है। गरबा केवल नृत्य नहीं है, यह मां की आरती है, उनकी स्तुति है। यह नौ रातें हमें अपनी आंतरिक बुराइयों को त्याग कर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम सहित ट्रस्ट कार्यकारिणी पदाधिकारी, महिला मंडल, युवती मंडल और नव युवक मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले बृजराज, चंबल नहर में पानी छुड़वाने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और उन्हें चंबल दाहिनी मुख्य नहर में राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छुड़वाए जाने के लिए पत्र सौंपकर अनुरोध किया। पूर्व विधायक चौहान ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को अवगत कराया कि इस समय धान की फसल को पानी की जरूरत है और पानी न मिलने पर धान की फसल सूख सकती है,ऐसी स्थिति में कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी छुडवाया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को निर्देशित किए जाने का आग्रह किया है। पूर्व विधायक चौहान के अनुरोध पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को फोन लगाकर निर्देशित किया कि राजस्थान के कोटा बैराज से चंबल नहर में पानी छुड़वाया जाए,इसके लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द की जाए।



### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# बिजली, पानी की उपलब्धता के लिए सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में गौशालाओं का संचालन प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप में किया जाए, सभी संचालित गौशालाओं में क्षमतानुरूप गौवंश की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऐसी गौशालाएं जिनमें बिजली एवं पानी की उपलब्धता नही होने से संचालन नहीं हो पा रहा है, पशु चिकित्सक उनका सर्वे कर में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे इन गौशालाओ में बिजली, पानी की सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

सोमवार को यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि बिजली, पानी आदि सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद गौशालाओं के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जायें। जिले में मनरेगा अंतर्गत 43 गौशालाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके तहत 40 गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा 25 गौशालाएं संचालित है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रूपेश उपाध्याय, उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, ईई पीएचई एलपी सिंह, बिजली विभाग से प्रतीक टुंडेलकर, उद्यानिकी से एसएस प्रजापति, मनरेगा पीओ विक्रम जाट सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




**मोरावन में 2 अक्टूबर को आयोजित होगा सद्भावना शिविर**

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गांधी जंयती 2 अक्टूबर के अवसर पर आदिवासी विकासखण्ड कराहल के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरावन में अस्पृश्यता निवारण अंतर्गत सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि मोरावन में इस शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस शिविर को लेकर संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

# बडौदा के धीरज ने संविदा शिक्षक वर्ग 2 परीक्षा में हासिल की आठवीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संविदा शिक्षक वर्ग 2 की परीक्षा में श्योपुर जिले के बडौदा निवासी धीरज आर्य पुत्र धनश्याम मंडिया ने मप्र में आठवी रैंक हासिल की है। इससे धीरज को उनके शुभचिंतक सहित नाते रिश्तेदार बधाई दे रहे है कि उसकी इस कामयाबी से न सिर्फ परिवार के लोगों बल्कि बडौदा का नाम भी रोशन हुआ है।



# 106 निजी स्कूलों के खातों में डाले पौने दो करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वर्ष 2023-24 में जिले के जिन 106 निजी स्कूलों के द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रवेश देकर उन्हें पढ़ाया गया, उन निजी स्कूलों के खाते में सोमवार को सीएम डॉ मोहन यादव 1 करोड़ 77 लाख 54 हजार 60 रुपए की राशि डाली गई है। उक्त राशि अन्य जिलों के निजी स्कूलों को भेजी गई है। डीपीसी भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि श्योपुर जिले के 106 निजी स्कूलों ने 3098 गरीब बच्चों को अपने स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क प्रवेश देकर पढाया था। इसलिए शासन के द्वारा इन निजी स्कूलों को उक्त राशि जारी की गई है। श्योपुर जिले के निज 106 निजी स्कूलों को यह राशि जारी की गई है, उनमें श्योपुर विकासखंड के 84, कराहल विकासखंड के 16 एवं विजयपुर विकासखंड के 06 विद्यालय शामिल हैं।

### पहली बार में चले पत्थर, दूसरी बार की भिड़ंत में चली लाठी कुल्हाड़ी

# युद्ध का अखाड़ा बना इटवई गांव, रास्ते की बात पर दो बार भिड़े दो परिवार के लोग

**पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अलग अलग धाराओं में दो बार दर्ज की क्रॉस एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर थाना क्षेत्र का इटवई गांव रविवार को युद्ध का अखाड़ा बन गया। यहां खेत से होकर ट्रैक्टर निकालने की बात पर दो पड़ोसी परिवार के लोग एक ही दिन में दो बार आपस में भिड़ गए। पहले दोनों पक्षों के लोगो में पत्थरबाजी हुई। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जब दोनो पक्ष घर पर पहुंचे तो उनके बीच एक बार फिर भिडंत हो गई और दोनों पक्ष के लोगों के बीच आपस में लाठी और कुल्हाड़ी जमकर चल गई। इस दौरान दोनों पक्ष के करीब 10 लोग चोटिल हो गए। जिन्हें विजयपुर अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया। पुलिस ने दोनों बार हुए झगड़े की अलग अलग क्रॉस एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम इटवई निवासी रामलखन पुत्र रामस्वरूप धाकड़ और बाइसराम धाकड पुत्र रघुवर धाकड़ आपस में पडोसी है। इन दोनों खेत एक दूसरे के खेत से लगे हुए हैं। रविवार की शाम को इन दोनों के परिवार के लोगों के बीच खेत से होकर ट्रैक्टर निकालने की बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद में दोनो तरफ से पत्थरबाजी हो गई। हालांकि दोनों पक्ष के लोगों के चोटे कम आई थी, लेकिन दोनों पक्ष के लोगो ने विजयपुर थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की एफआईआर दर्ज करा दी। क्रॉस एफआईआर के बाद दोनो पक्ष के लोग जब अपने अपने घर पहुंचे तो रात्रि के दौरान एक बार फिर दोनो परिवार के लोग आपस में भिड़ गए, इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों के बीच लाठी और कुल्हाड़ी चल गई। जिसकी रिपोर्ट दोनो पक्ष के लोगों ने विजयपुर थाने पहुंचकर दर्ज कराई।

पुलिस ने पहले दोनों पक्ष के घायलों को विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया। इसके बाद दूसरी एफआईआर दर्ज करते हुए पहले पक्ष के फरियादी रामलखन धाकड की रिपोर्ट पर बाइसराम, आदिराम, नरेश, बनवारी, दशरथ के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष के फरियादी बाइसराम धाकड़ की रिपोर्ट पर रामलखन, वंदन सिंह, रंजीत, घनश्याम, विनोद के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

### सभी थानों की पुलिस ने रात में अपने अपने क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को घर जाकर चैक किया

# कॉम्बिंग गश्त: पुलिस अफसरों को साथ लेकर रातभर सड़कों पर घूमे एसपी, 59 वारंटी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस ने रविवार रात को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले भर की पुलिस रात भर सड़क, गली मोहल्ले में घूमती रही। साथ ही खुद पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल भी अधिनस्थ पुलिस अफसरों के साथ रात भर सडक पर घूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस की टीमों ने अपने अपने क्षेत्र में वारंटियों को दबोचने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी। वहीं निगरानी शुदा गुंडे बदमाशों को भी रात में उनके जाकर चैक किया। पुलिस की कॉम्बिंग गश्त की कार्रवाई रात 11:30 बजे से शुरू हुई,जो तडके करीब 4-5 बजे तक चली। इस दौरान 59 वारंटियों की धरपकड़ की गई।

दरअसल, पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिए गए है कि सप्ताह में एक बार सभी पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मिलकर संयुक्त रूप से कॉम्बिंग गश्त करें। इन्हीं निर्देशों के पालन में श्योपुर पुलिस ने भी रविवार की रात शहर समेत जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त की। खुद पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल भी कॉम्बिंग गश्त के दौरान रातभर शहर की सडकों पर घूमते नजर आए। उनके साथ एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीओपी राजीव गुप्ता, कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान भी गश्त करते दिखाई दिए। चूंकि श्योपुर एसपी का पदभार संभालने के बाद एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल की यह पहली कॉम्बिंग गश्त थी, इसलिए जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ सभी थाना प्रभारी अपनी अपनी पुलिस टीमों के साथ रातभर अलर्ट मोड में होकर कॉम्बिंग गश्त करते रहे। उन्हें यह डर था कि कहीं पुलिस अधीक्षक उनके क्षेत्र में चैक करने के लिए न पहुंच जाए। इसलिए सभी थाना प्रभारी पूरी रात सोने के बजाए कॉम्बिंग गश्त करते हुए दिखाई दिए। बता दें कि कॉम्बिंग गश्त की शुरूआत करने से पहले पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को यह निर्देश भी जारी कर दिए थे कि रविवार की रात भारत और पाकिस्तान के बीच एशियाकप का फाइनल मुकाबला भी खेला जा रहा है, इसलिए सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भी सुरक्षा को लेकर खासी सतर्कता बरतें।



**पकड़े 59 वारंटी, इनमें 12 स्थाई वारंटी भी शामिल**

शहर सहित जिलेभर की सडकों पर रातभर कॉम्बिंग गश्त करती रही सभी थानों की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र के वारंटियों की धर पकड भी की गई। इस दौरान 59 वारंटियों की धरपकड की गई है। जिनमें 12 स्थाई वारंटी और 47 गिरफ्तारी वारंटी शामिल है। सोमवार की सुबह इन सभी वारंटियों को पुलिस के द्वारा न्यायालय में पेश कर दिया गया।

**घर जाकर चैक किए निगरानीशुदा गुंडे बदमाश**

कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिलेभर की पुलिस न केवल रातभर सडक पर गश्ती करती रही,बल्कि अपने अपने क्षेत्र के निगरानीशुदा गुंडे बदमाश और जिला बदर के आरोपियों को घर जाकर चैक किया। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि काम्बिंग गश्त के दौरान कोई भी जिला बदर का आरोपी अपने घर पर नहीं मिला। लेकिन 11 हिस्ट्रीशीटर तथा 50 से अधिक गुंडे बदमाशों को पुलिस ने उनके घर जाकर चैक किया तो सभी अपने अपने घरों पर मिले।

**इनका कहना है..**

रातभर कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान 59 वारंटियों की धरपकड की गई। गुंडे बदमाशों को भी चैक किया गया। श कॉम्बिंग गश्त की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि अपराधियों में खौफ बना रहे और जन सामान्य शांतिपूर्ण माहौल में अपना जीवन यापन एवं व्यवसाय कर सकें।

सुधीर कुमार अग्रवाल
एसपी, श्योपुर

# गिरधरपुर के हायरसेकंडरी स्कूल में पहुंची पुलिस, छात्र छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस के अधिकारी सोमवार को मानपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गिरधरपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। जहां मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव तथा महिला थाना प्रभारी अनुराधा सिंह ने छात्र-छात्राओं को रुढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदन शीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, लिंग भेद, नशा और दहेज जैसी सामाजिक बुराई को लेकर जागरूक किया। साथ ही नशा मुक्त करना, दहेज को उपहार कहना जैसी सीखें दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगामी दिनों में इस प्रकार के चक्रव्यूह को मिलकर तोड़ने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी और मानपुर व महिला थाना स्टाफ भी मौजूद था।




**बडौदा में नाले की भूमि पर नामों की प्रविष्टि विलोपित कर शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित**

श्योपुर। न्यायालय कलेक्टर जिला श्योपुर द्वारा बडौदा में भूमि सर्वे क्रमांक 1637, 1638, 1639 एवं 1640 पर से निजी व्यक्तियों के नाम की प्रविष्टि विलोपित कर भूमि को शासकीय दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया है। तहसीलदार बडौदा को आदेशित किया गया है कि वह उपरोक्त आदेश का पालन कर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध करायें, इसके साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी परिषद बडौदा को उपरोक्त भूमि पर समस्त प्रकार के निर्माण कार्यो पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए हैं। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जारी उक्त आदेश के अनुसार प्रकरण के अवलोकन में यह स्पष्ट है कि मिसल बन्दोवस्त में कस्बा बड़ौदा की भूमि सर्वे क्रमांक 1637 रकबा 04 बिस्वा भूमि नोईयत आवपाशी एवं सर्वे क्रमांक 1638 रकबा 11 विस्वा भूमि नोईयत खरयान दर्ज है। जिसके पश्चात उक्त भूमि की नोईयत परिवर्तित किए बिना उक्त भूमि पर बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के उक्त भूमि को मिन नंबरों के रूप में छोटे-छोटे डायवर्टेड भूखण्डों के रूप में दर्ज किया। वर्तमान में कस्बा बड़ौदा की भूमि सर्वे कर. 1637, 1638 1639 एवं 1640 निजी दर्ज है जबकि सीएमओ नगरपरिषद बड़ौदा द्वारा बताया गया है कि कस्बा बड़ौदा की भूमि सर्वे क्र. 1637, 1638, 1639 एवं 1640 पर वर्तमान में नाला स्थित है। उक्त भूमि पर बिना अनुमति अनुबंति विक्रय पत्र संपादित किए गए हैं। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 57 (1) अनुसार समस्त ऐसी भूमियां जिनके अंतर्गत रूका हुआ तथा बहता हुआ पानी, खाने, खदाने, खनिज तथा वन चाहे वे आरक्षित हो या न हो तथा किसी भूमि की अधोमृदा में के समस्त अधिकारी राज्य सरकार की संपत्ति है।

### गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में गरबा महोत्सव का हुआ आयोजन

# आकर्षक ड्रेस पहन कर नौनिहालों ने धुनों के साथ मंच पर दी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नवरात्रि पर्व पर गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के तत्वाधान में शनिवार को गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक के नौनिहालों के द्वारा गरबा की आकर्षक ड्रेस पहन कर गरबा नृत्य की सुंदर-सुंदर प्रस्तुति देकर मां की आराधना की। बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने सभी को भाव विभोर किया। इस मौके पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**सौम्या का किया सम्मान** इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया की पुत्री एवं गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल की पूर्व छात्रा सौम्या द्वारा प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति भारती राय, नगर महामंत्री आलेख राय, एचडी गोस्वामी, मयंक जैन, रामराज सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### मां बडैरा वाली माता मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया





**दिनारा।** कस्बे के ग्राम ढांड ग्राम पंचायत में आने वाली मां बडैरा वाली माता मंदिर में आस्था के साथ नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के 8 वें दिन मां के दरबार में टेंट लगाकर केले सहित अन्य फलों का वितरण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरटीओ प्रभारी अशोक शर्मा ग्राम पंचायत ढांड सरपंच मेहरबान सिंह, नीलम लोधी, हरिओम चतुर्वेदी रवि गौतम आदि शामिल थे। श्रद्धालुओं का कहना है जो भी सच्चे मन से मां के दरबार में आता है उसकी मां हर इच्छा पूरी करती है। मां बडैरा वाली प्राचीन काली माता के मंदिर पर शारदीय नवरात्र पर आस्था का जन सैलाब उमड़ता है। वहीं सुबह से ही नवरात्रि में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो देर शाम तक चलता रहता है। वहीं मंदिर में मां के जयकारों की गूंज से गुंजायमान रहता है। वहीं भक्त पूजन कर मन्नतें मांगते हैं। दरअसल जानकारी के मुताबिक हतलाव मे स्थित बडैरा के प्राचीन काली माता मंदिर का विशेष महत्व बताया जा रहा। यूं तो यहां पूजा करने के लिए भक्तों का अक्सर आना जाना रहता है। वहीं नवरात्रि पर माता के मंदिर पर आस्था का जन सैलाब उमड़ता है। वहीं भक्त माता के मंदिर पर पूजा कर मन्नतें मांगते हैं। भक्तों का मानना है की मां के दरबार में श्रद्धा और आस्था से मांगी गई सभी मन्नतें पूरी हो जाती हैं।

### राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद



**बीना।** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कन्या पूजन का आयोजन गया। प्रभात फेरी मंडल के द्वारा सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के आगे देवी स्वरूप कन्याएं एवं पीछे से माताएं और भक्तगण चल रहे थे। नगर भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी मां जागेश्वरी धाम पर पहुंची। धाम पर मौजूद देवी रूपी कन्याओं का माताओं ने कन्याओं के पांव पखारे साथ ही विधिवत पूजा-अर्चना किया। कन्याओं की आरती कर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा अनुसार उपहार दिए। गौरतलब है कि कन्या पूजन नवरात्रि के दौरान एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान माना जाता है। जिसमें कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। कन्या पूजन से माता दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है। ऐसा माना जाता है कि कन्या पूजन करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



### ग्वालियर में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

## खुरई के बॉक्सरों ने 2 रजत, 7 कांस्य पदक पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्वालियर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता 22 से 26 सितंबर को आयोजित की गई। जिसमें 17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 10 संभाग के 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सागर संभाग की ओर से 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें ज्ञानोदय विद्यालय खुरई के 2 खिलाड़ियों ने रजत पदक और 7 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर सागर संभाग का नाम रोशन किया। पदक विजेताओं में शुभी राजपूत और हर्षवर्धन चौरसिया ने रजत पदक जीता। वहीं अंशुल ठाकुर, जयश्री कुर्मी, तरुण रावत, ओम तिवारी, निमित्त सतभैया, सिमरन रैकवार एवं वंश तोतानी ने कांस्य पदक जीता।

यह सफलता ज्ञानोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुरई के मुख्य बॉक्सिंग कोच पदमसिंह रावत के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त हुई हैं। बॉक्सिंग कोच पदमसिंह रावत ने बताया की पिछले 5 सालों से बॉक्सिंग मे बच्चे खेलो इंडिया, राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर, संभाग स्तर पर खुरई के बॉक्सिंग खिलाड़ी सागर जिले का नाम रोशन कर रहे है। ज्ञानोदय विद्यालय खुरई के बॉक्सिंग खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य गिरीश बेलकर ने खिलाड़ियों व कोच पदम सिंह रावत को शुभकामनाएं दी है।

### 1 नवंबर तक चलेगी रीवा-रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, बीना स्टेशन रहेगा स्टॉपेज

**बीना।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी दिवाली एवं छठ त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे के द्वारा रीवा-रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसका स्टॉपेज बीना स्टेशन पर होगा। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 02192 रीवा से रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 1 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात रात 9:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 02191 रानी कमलापति से रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 1 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 10:15 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा स्टेशन पर पहुंचेगी। यह ट्रेन सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा पर रूकेगी।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत अशोकनगर में विविध कार्यक्रम किए गए आयोजित




**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा एक भव्य एवं जन-उपयोगी कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा समाज में स्वच्छता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश-** निकाय क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों का ग्रह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों ने अपने नए आवास में प्रवेश कर जीवन की एक नई शुरुआत की। यह क्षण उनके लिए न केवल भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता का भी प्रत्यक्ष उदाहरण बना।

नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्वच्छता और जन-जागरूकता,ग्रह प्रवेश कार्यक्रम के साथ-साथ नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया।

इन प्रस्तुतियों में नागरिकों को अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखने,कचरा पृथक्करण (गीला और सूखा कचरा अलग करने) के महत्व,और गंदगी से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इंदौर से आई केशव शर्मा की विशेष नुक्कड़ नाटक टीम ने बेहद प्रभावशाली और मनोरंजक तरीके से संदेश दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान खींचा और सभी वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक और नशा मुक्ति पर जागरूकता नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को उजागर किया गया। टीम ने बताया कि प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी खतरा पैदा करता है। नागरिकों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर कपड़े एवं जूट के थैले अपनाएं।

## विहिप ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल



**अशोकनगर।** रविवार को स्थानीय रामलीला मंच सुभाषगंज अशोकनगर में विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी बजरंगदल द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें मंचासीन अतिथियों मल्हारगढ़ के युवराज महंत रामचंद्र महाराज, डॉ दीपक मिश्रा, प्रांत संयोजक बजरंग दल अवधेश तिवारी, नितिन, विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाहा, विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह, मातृशक्ति संयोजिका अनीता जैन, जिला सह संयोजिका दुर्गावाहिनी मुस्कान रघुवंशी, द्वारा भगवान श्रीराम दरबार व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा द्वारा बताया गया कि हिन्दू समाज को खंडित करने के लिए विदेशी ताकते कई तरह के षडयंत्र कर रहे हिन्दुओं के बीच में जातिगत द्वेष फैलाकर बांटने का कार्य किया जा रहा। हिन्दू समाज को बटना नहीं है मुख्य अतिथि मल्हारगढ़ के युवराज महंत रामचंद्र दास महाराज ने कहा जिस दिन हिंदू इकट्ठा होना सीख जाएगा। उसे दिन देश विरोधी शक्तियां समाप्त हो जाएगी। हिंदू अपने मंदिरों का शक्ति केंद्र बनाएं इकट्ठा होना सीखे। प्रांत संयोजक बजरंगदल अवधेश तिवारी ने युवाओं से कहा हिन्दू युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है आने वाली पीढ़ी शक्तिशाली बने इसके लिए हमें अपने पूर्वजों द्वारा चलाए जा रहे अखाड़ों को अपनाना पड़ेगी। जब हिंदू युवा शक्तिशाली होगा समर्थवान होगा तभी वह देश और धर्म की रक्षा कर पाएगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुना विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल ने आज शाम को 100 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं संपूर्ण समाज संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है।

इसमें हम सभी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है हमें पांच परिवर्तन की अग्रसर होना पड़ेगा। समाज में सामाजिक समरसता बनी रहे स्वदेशी जी का प्रचार प्रसार हो हम पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक करें साथ ही अपने नागरिक कर्तव्य के प्रति भी हमारी जागरूकता होनी चाहिए साथ ही हमारे परिवारों में कुटुंब प्रबोधन की जो पद्धति हमारे पूर्व जी द्वारा चलाई गई थी। उसको भी आत्मसात करने की आज आवश्यकता है कार्यक्रम मेंकार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश जैन विभाग से मंत्री रामवीर यादव कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक वेदराम लोधी ने किया।

## दिव्यांग नाबालिक बालिका से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को भेजा जेल

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा सनसनीखेज अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान अंतर्गत 26 सितम्बर को ऊमरी निवासी 1. वर्षीय मूक बधिर मानसिक दिव्यांग नाबालिक बालिका के साथ 3 आरोपीगण भगवत कुशवाह पुत्र परमानंद कुशवाह, अजय उर्फ संजू कुशवाह पुत्र दमोदर कुशवाह एवं जगदीश उर्फ चऊआ पुत्र मुन्ना लाल कुशवाह निवासी ग्राम किरोंदा के द्वारा अपहरण कर मक्के के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म कर पीड़िता को नग्न अवस्था में खेत में छोड़कर भाग जाने की घटना में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र कँवर एवं एसडीओपी चंदेरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईसरायं उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर घटना के आरोपी भगवत कुशवाह पुत्र परमानंद कुशवाह, अजय उर्फ संजू कुशवाह पुत्र दमोदर कुशवाह एवं जगदीश उर्फ चऊआ पुत्र मुन्ना लाल कुशवाह निवासी ग्राम किरोंदा को ग्राम रांठ से गिरफ्तार कर आरोपीगणों से अपराध सदर में प्रयुक्त मोटर साईकिल को जप्त कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारण्ट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है।

आरोपियों व उसके परिजनों द्वारा ग्राम किरोंदा में अतिक्रमण की सूचना भी प्राप्त हो रही है। जिसकी जानकारी निकाल कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नईसराय उनि पुनित दीक्षित, सउनि विद्याराम कुशवाह, सउनि अपेक्षित रघुवंशी, सउनि. मेखलाल, प्रआर. अशोक सिंह रघुवंशी, प्रआर. जितेन्द्र उरैया, प्रआर. राजेश धाकड़, रघुवंशी, प्रआर. बृजेश रघुवंशी, आर. अनिल धाकड़, आर. सत्यवीर राय, आर. दिलीप यादव, आर. अमित जाट, आर. युवराज आदि की रही भूमिका।

## लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस हेल्पिंग हैंड ने निजी होटल में की अपनी मासिक बैठक। जिसकी अध्यक्षता की लायन सुनीता जैन ने की। कार्यक्रम की संयोजक रही लायन रीना यादव। कार्यक्रम ने आने वाले सेवा सप्ताह के बारे में चर्चा हुई। 8 दिवसीय कार्यक्रम में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रम में कैंसर अवेयरनेस, फूड फिर हंगर, पशु पक्षी दिवस और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे जो आगामी 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेंगे। जिनका संयोजन क्लब से डायरेक्टर पी एम जे एफ लायन वैशाली सलूजा, लायन कविता साहू, सचिव लीं रानी अहिरवार, कोषाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरी सक्सेना, रीना मनोज शर्मा, फिरोज सुल्ताना, प्रियंका मेहता, मिथलेश यादव, चंद्रेश यादव ,किरण कुशवाह आदि द्वारा किया जायेगा। बैठक में क्लब सदस्यों द्वारा गेम्स भी खेले गए और अन्य कार्यक्रम जिनका आयोजन करना है उसकी चर्चा की गई।


### राष्ट्रीय संगोष्ठी में भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी के जीवन के अनछुए पहलुओं को किया उजागर

## वे व्यक्ति पूजा के योग्य हैं जो सुपर प्रकासी हैं ऐसे व्यक्तियों की जगत में पूजा की जाती है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इस जगत में चर्चा उनकी नहीं होती जो प्रकाश मान है चर्चा उनकी होती है जिन्होंने जगत को प्रकाशित किया। णमोकार मंत्र जपने के योग्य हैं ध्यान के लिए नहीं है। वे व्यक्ति पूजा के योग्य हैं जो सुपर प्रकासी है। ऐसे व्यक्तियों की जगत में पूजा की जाती है। महान आत्माओं के ध्यान करने से कभी निर्विकल्प नहीं हो पायेगा हम जब भी उन्हें ध्यान करेगें तब हमारा सिर झुक जायेगा। इनके गुणानुवाद करने लगेंगे ध्यान करने के लिए हमें अस्ति मात्र चाहिए। हम तारों का ध्यान कर सकते हैं उनसे हमें कुछ मिलेगा नहीं और हम चाहते भी नहीं है।

मुनिश्री ने कहा कि दूसरे हम उन महापुरूषों को खोजें जिन्होंने कमाया और खाया ही नहीं। यह सब कुछ भी जगत के लिए उन्होंने छोड़ दिया। वह सारे जगत के कल्याण की भावना करते रहे अति सक्लेश भाव जागने से उन्हें केवल ज्ञान को प्राप्त किया जो जिसके लिए बनता है, वह उससे होता है। महापुरुष जगत में तारो के समान चमकते रहते है।





### कोई तीर्थंकर पर दस भवों तक उपसर्ग हुआ है

उन्होंने कहा कि उपसर्ग करने वाले को तपस्या करते हुए ज्योतिष देव ने उपसर्ग किया कोई तीर्थंकर पर दस भवों तक उपसर्ग हुआ है। ज्योतिष देव बढ़ा होता है। धर्णेन्द्र पद्मावती छोटे देव था वह उन्हें रोक नहीं सकता था तब वह छोटा देव अपनी विधि से बचा ले गया। उसी समय उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हो गई सम्मेद शिखर की आज पवित्रता नष्ट हो रही है। हम लोग आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के साथ सम्मेद शिखर जी की वंदना करने गये थे। आचार्य श्री ने कहा कि संघ आज आधुनिकता के कारण क्षेत्र को बचाओ सरकार करोड़ो रुपए देना चाहते हैं हमें पर्यटन क्षेत्र बनाने से रोकिये सम्मेद शिखर जी आज बहुत ख़तरे में है।

### सम्मेलन में आएंगे देशभर से जैन दर्शन के मनीषी

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में तीस सितंबर को अखिल भारतीय विद्वत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में जैन दर्शन के प्रकांड विद्वानो की उपस्थिति से जिला गौरवान्वित होगा। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी आदि ने उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

### संस्कृत भाषा को सबसे पहले महिमा मंडित किया गया

मुनि श्री ने कहा कि जब से दुनिया है तब से भाषा परियापती की चर्चा आती है जिसे हम भाषा बोलते हैं जिसमें एक परिमार्जित भाषा में साहित्य लिखा जाता है। और एक बोल चाल की भाषा होती है। हिन्दी के पहले बोल चाल की भाषा में क्या बोले जाते हैं, क्या पहले भी इसी तरह की भाषा बोल चाल में उपयोग की जाती थी। बोल चाल की भाषा हर व्यक्ति को रास नही आती उससे संबंध विगड़ने की संभावना रहती है। आज हिंदी विक्रत भाषा के रूप में वोली जा रही है इसके संबंध में निर्णय नहीं हो पा रहा है समवशरण में भी कौन सी भाषा बोली जा रही थी उसमें निर्णय नहीं हो पा रहा उसको अर्ध मांगनी भाषा जो व्याकरण से समृद्ध है क्या यही भाषा बोलीं जाती थी। पाश्र्वनाथ के जीवन में प्राकृत भाषा में चरित्र नहीं लिखा गया संस्कृत भाषा को सबसे पहले महिमा मंडित किया गया।